हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, मंगलवार, 20 मई, 2025

11 फसल खराबे के मुआवजा वितरण में गबन को लेकर प्रदर्शन...



12 पेयजल सप्लाई भी हुई बाधित लोगों में निगम के खिलाफ रोष



## खबर संक्षेप

### बिजली अदालत का आयोजन आज

**सिरसा।** उपभोक्ताओं की बिजली संबंधी समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम की ओर से मंगलवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक सिरसा के सब अर्बन उपमंडल कार्यालय (बरनाला रोड) में बिजली अदालत का आयोजन किया जाएगा। दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के अधीक्षण अभियंता व ऑपरेशन सर्कल राजेन्द्र सभरवाल ने बताया कि इस बिजली अदालत में उपभोक्ताओं की शिकायतें सुनीं जाएगी।

### शराब और गांजा तस्करी के मामले में युवक काबू

**फतेहाबाद।** जिला पुलिस द्वारा चलाए जा रहे नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत थाना शहर भुना पुलिस ने गांजा व देशी शराब के साथ एक युवक को गांव टिब्बी से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तार किए गए युवक की पहचान गौरव पुत्र जांगी राम, निवासी धारसूल खुर्द हाल निवासी टिब्बी, फतेहाबाद के रूप में हुई है।

### सिर में मिला चोट का निशान, हत्या का शक

**सिरसा।** शहर चतरगढ़ पट्टी में खंडहर मकान में रविवार को एक किशोर का शव मिलने के मामले में नया मोड़ सामने आया है। मृतक के माथे पर कट का निशान मिला है। संभावना जताई जा रही है कि किसी ने चोट मारकर उसकी हत्या की हो। पुलिस के अनुसार, मृतक आजम खान 9 मई से घर से लापता था। परिजनों ने पुलिस को शिकायत नहीं दी थी। वह मंदबुद्धि एवं मूकबधिर था और घरवाले उसकी तलाश में जुटे थे। उसका शव चतरगढ़ पट्टी एरिया में एक बंद पड़े खंडहर मकान में मिला। शव से काफी बदबू आ रही थी।

### अतिरिक्त उपायुक्त ने सुनीं शिकायतें

**सिरसा।** स्थानीय लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर में जहां अतिरिक्त उपायुक्त लक्षित सरीन ने आमजन की समस्याएं सुनी और अधिकारियों को तत्परता से निवारण के निर्देश दिए। वहीं उपमंडल स्तर पर भी समाधान शिविरों का आयोजन किया गया। इस दौरान अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि विभागाध्यक्ष आमजन की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के साथ करें, ताकि आमजन को असुविधा न हो और सरकारी योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ मिले।

### सरकारी संपति को नुकसान पहुंचाया, 5 पर केस दर्ज

**फतेहाबाद।** भट्टूकलां के गांव जांडवाला में पक्का खाल तोडक़र नहरी विभाग को नुकसान पहुंचाने का मामला सामने आया है। इस मामले में भट्ट् टूकलां पुलिस ने नहरी विभाग के एसडीसीओ की शिकायत पर 5 लोगों के खिलाफ सार्वजनिक सम्पति को नुकसान पहुंचाने के आरोप में केस दर्ज किया है।

## पुलिस ने अभियान चलाकर एक महीने के अंदर की कार्रवाई

# अपराधियों पर शिकंजा, 77 केस दर्ज कर 120 आरोपी गिरफ्तार

### 260 किलो चूरा पोस्त, 3 किलो अफीम, 18 किलो चरस, 88.08 ग्राम हेरोइन बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** जवाहर चौक में तैनात पुलिस टीम। *फोटो : हरिभूमि*

एसपी सिद्धांत जैन के मार्गदर्शन में जिला पुलिस द्वारा 1 मई से अपराधियों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य अपराध पर प्रभावी नियंत्रण, मादक पदार्थों की रोकथाम, साइबर अपराध पर अंकुश और आमजन में सुरक्षा का वातावरण सुनिश्चित करना है। इस दौरान अब तक पुलिस ने 77 केस दर्ज किए 120 लोगों को गिरफ्तार किया है। मादक पदार्थ अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए पुलिस ने मई माह में 25 केस दर्ज कर 34 आरोपी गिरफ्तार किए। पुलिस ने इनके पास से 260 किलो चूरा पोस्त, 3 किलो अफीम, 12 किलो गांजा, 18 किलो चरस, 88.08 ग्राम हेरोइन, 21 शीशी प्रतिबन्धित सीरप, 1800 टेबलेट प्रतिबंधित बरामद की। आबकारी अधिनियम के तहत 16 केस दर्ज कर 19 आरोपी पकड़े। इनके पास से 4100 बोतल अंग्रेजी शराब, 285 बोतल देशी शराब, 50 बोतल बीयर, 310 बोतल अवैध शराब, 690 लीटर लाहन बरामद किया। शस्त्र अधिनियम के तहत दर्ज 6 मामलों में 7 आरोपी गिरफ्तार किए है। इनके पास से 8 अवैध पिस्तौल व 15 जिंदा कारतूस बरामद हुए है। जुआ अधिनियम के तहत 2 मामलों में 15 जुआरियों को पकड़ा और 51 हजार 550 रुपये की नकदी बरामद की। इस अवधि में पुलिस ने 15 घोषित अपराधी व 17बेल जम्पर भी पकड़े। साइबर अपराधियों पर नकेल कसते हुए पुलिस ने इस माह 29 साइबर केस दर्ज कर 13 आरोपी गिरफ्तार किए। पुलिस ने इनके पास से 7 लाख 99 हजार की नकदी बरामद की वहीं 1 लाख 73 हजार रुपये की राशि जनता को लौटाई है। इस अवधि में पुलिस ने 26 गुम हुए मोबाइल बरामद कर 22 मोबाइल लौटाए। इनकी कीमत करीब 10 लाख रुपये थी। राजस्थान और पंजाब सीमा से सटे इलाकों में गहन चेकिंग, सघन नाकाबंदी और पैदल गश्त के जरिए पुलिस ने संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखते हुए अपनी प्रभावी उपस्थिति दर्ज कराई।

### पुलिस की प्राथमिकता जनता में विश्वास व सहयोग की भावना जगाना: एसपी



*एसपी सिद्धांत जैन ने कहा कि पुलिस की प्राथमिकता केवल अपराध पर लगाम लगाना नहीं, बल्कि जनता में विश्वास, सुरक्षा, और सहयोग की भावना पैदा करना भी है। उन्होंने सभी पुलिस कर्मियों को निर्देश दिए हैं कि वे नशे के दुष्परिणाम, साइबर सुरक्षा, महिला सुरक्षा, ट्रैफिक नियमों और डायल-112 सेवा के प्रति जनता को जागरूक करें। पुलिस महानिदेशक के निर्देशों के तहत यह अभियान लगातार जारी रहेगा। जिले के सभी थानों में गठित विशेष टीमें नियमित रूप से गश्त कर संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान कर कानूनी कार्रवाई करती रहेंगी।*

### बुलेट पटाखा व ड्रंक ड्राइव करने वालों की गाड़ियां कीं जब्त

**फतेहाबाद।** जिले में मनचलों, हुड़दंगबाजों और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ निरंतर सख्त अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान बुलेट मोटरसाइकिलों में मॉडिफाइड साइलेंसर लगाकर पटाखे जैसी आवाज करने वाले युवकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई है। कई मामलों में मोटरसाइकिलें जब्त की गई तथा मॉडिफाइड साइलेंसर मौके पर ही हटवाए गए। ऐसे युवाओं को कानूनी कार्रवाई के साथ सामाजिक उत्तरदायित्व का पाठ भी पढ़ाया गया। नशे में वाहन चलाने के मामलों को बेहद गंभीरता से लेते हुए संबंधित चालकों के खिलाफ सीधी कार्रवाई की गई। कई वाहन चालक मौके पर ही पकड़े गए और उनके खिलाफ नियमों के तहत सख्त कानूनी प्रावधान लागू किए गए। पुलिस ने सार्वजनिक स्थलों, बाजारों और स्कूल-कॉलेज के आस-पास आवारा घूमने वाले युवकों और मनचलों की पहचान कर उन्हें सख्त चेतावनी दी।

# रतिया में नशे ने ली युवक की जान पत्नी ने लगाया हत्या का आरोप

- नहर किनारे मिला शव , पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा

हरिभूमि न्यूज ⏭रतिया



**फतेहाबाद।** पिलछिया में नहर किनारे मृत पड़ा युवक। *फोटो : हरिभूमि*

रतिया क्षेत्र के गांव पिलछिया में नहर किनारे सोमवार को एक युवक मृत अवस्था में मिला है। इस बारे सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक युवक की पहचान पिलछियां निवासी हरदेव सिंह के रूप में हुई है। युवक की मौत नशे की ओवरडोज से होने की आशंका जताई जा रही है। युवक अपने दो दोस्तों के साथ रविवार को घर से निकला था और सोमवार सुबह उसका शव बरामद हुआ। पुलिस को दी शिकायत में गांव पिछलियां निवासी मेलो कौर ने बताया है कि उसका बेटा हरदेव सिंह रविवार को गांव के ही अपने दो दोस्तों 22 वर्षीय सुदर्शन सिंह व लक्खा सिंह के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर गया था। रात को सुदर्शन व लक्खा सिंह तो घर आ गए। मगर हरदेव सिंह घर नहीं पहुंचा। सदर पुलिस ने मृतक युवक की पत्नी की शिकायत पर तीन लोगो पर हत्या का केस दर्ज किया है।

### तीन युवकों पर केस दर्ज

पत्नी रमनदीप कौर ने आरोप लगाया कि तीनों ने मिलकर उसके पति हरदीप सिंह की मार पिटाई करने के बाद उसे नशे की ओवरडोज देकर उसके पति की हत्या कर दी सदर थाना प्रभारी राजवीर सिंह ने बताया कि मृतक हरदेव की पत्नी रमनदीप कौर की शिकायत पर तीन लोगों सुखचेन, लखा और सुरजीत के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया है।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर उपायुक्त ने ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि आगामी 21 जून को 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस जिला, उपमंडल व ब्लॉक स्तर पर धूमधाम से मनाया जाएगा। इस बार योग दिवस का थीम 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून से पहले चार चरणों में योग ट्रेनिंग कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा तथा 20 जून को फाइनल रिहर्सल होगी। जिला में योग कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सोमवार को लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित बैठक में उपायुक्त शांतनु शर्मा ने अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ काम करते हुए कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए।

### कार्यक्रम की तिथि

*उपायुक्त ने कहा कि प्रथम तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 26 से 28 मई तक आयोजित किया जाएगा, इसमें शिक्षा विभाग के डीपीई/पीटीआई व योगा इंस्ट्रक्टर को ट्रेनिंग दी जाएगी। इसके बाद दूसरा तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम चार जून से छह जून तक आयोजित होगा, जिसमें स्कूली बच्चों व महाविद्यालयों के विद्यार्थियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। तीसरा तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 12 से 14 जून तक आयोजित होगा।*

### हेरोइन सहित दो युवकों को किया गिरफ्तार

**सिरसा।** सीआईए सिरसा व एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा पुलिस ने गश्त व चैकिंग के दौरान अलग-अलग जगहों से दो युवकों को 17 ग्राम 62 मिलीग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। सीआईए सिरसा प्रभारी उप निरीक्षक प्रेम कुमार ने बताया कि सीआईए सिरसा की एक पुलिस टीम गश्त व चैकिंग के दौरान रानियां थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 13 की ओर जा रहे थे। इसी दौरान सामने से एक युवक पैदल आता दिखाई दिया। उक्त युवक ने पुलिस की गाड़ी को देखकर वापस मुडक़र भागने का प्रयास किया। शक के आधार पर पुलिस पार्टी ने उक्त युवक काबू कर राजपत्रित अधिकारी के मौजूदगी में तलाशी तो उसके कब्जा से 10 ग्राम 43 मिलीग्राम हैरोइन बरामद हुई।

# चौबारा गांव में पेयजल सप्लाई के 6 अवैध कनेक्शन काटे



**भूना।** चौबारा गांव में जन स्वास्थ्य विभाग की टीम अवैध कनेक्शन हटाते हुए। *फोटो: हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ⏭भूना

जनस्वास्थ्य विभाग ने सोमवार को चौबारा गांव में अवैध पेयजल कनेक्शनों के खिलाफ अभियान चलाया।

जिला संयोजक शर्मा चंद लाली के दिशा निर्देश पर बीआरसी राकेश कुमार के नेतृत्व में दो टीमों ने गांव की चारों दिशाओं में जांच की। टीम को फिरनी के साथ-साथ खाली प्लाटों में सब्जियों की सिंचाई के लिए लगाए गए 6 अवैध कनेक्शन मिले। विभाग ने मौके पर ही पानी की सप्लाई बंद कर दी। जानकारी के अनुसार विभाग को शिकायत मिली थी कि कई घरों में पीने का पानी नहीं पहुंच रहा, जबकि कुछ लोग अवैध कनेक्शन से सब्जियां उगा रहे हैं। इसी के आधार पर विभाग ने कार्रवाई की। टीम ने घर-घर जाकर जांच की। खुदाई कर अवैध कनेक्शन हटाए गए। संबंधित लोगों को चेतावनी दी गई कि भविष्य में दोबारा ऐसा किया तो कानूनी कार्रवाई होगी। बीआरसी राकेश कुमार ने बताया कि अभियान आगे भी जारी रहेगा। अवैध कनेक्शन की सूचना मिलने पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी।

### जनता की बुनियादी समस्याओं से मुंह मोड़ रही सरकार: सैलजा

**सिरसा।** सांसद कुमारी सैलजा ने सिरसा लोकसभा क्षेत्र में व्याप्त जन समस्याओं को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार विकास के नाम पर केवल भाषणबाजी और जुमलेबाजी कर रही है, जबकि जमीनी स्तर पर हालात दिन-ब-दिन बदतर होते जा रहे हैं। कुमारी सैलजा ने कहा कि सिरसा शहर की कई कलोनियों में बीते बीस दिनों से सीवरेज ओवरफ्लो की स्थिति बनी हुई है। सडक़ों पर गंदा पानी भरा हुआ है और लगभग बीस हजार नागरिक गंदगी, बदबू और बीमारियों के बीच जीवन जीने को मजबूर हैं। प्रशासन की निष्क्रियता ने आम जन जीवन को नरकीय बना दिया है। सोमवार को जारी एक बयान में सैलजा ने कहा कि सिरसा नागरिक अस्पताल में एक्स-रे मशीनें खराब पड़ी हैं, जिससे रोजाना सैकड़ों मरीजों को निजी और महंगी जांच सेवाओं का सहारा लेना पड़ रहा है। स्वास्थ्य सेवाओं की इस बदहाली ने सरकार के स्वास्थ्य का अधिकार जैसे दावों की सच्चाई सामने ला दी है। कैनाल कॉलोनी की गलियों में नाले का पानी महीनों से जमा है, क्योंकि गली का स्तर नीचे है। इस कारण पूरे क्षेत्र में मच्छर जनित बीमारियां फैल चुकी हैं और हर घर इसकी चपेट में है।

## सीटीएम गौरव गुप्ता ने सुनीं जनसमस्याएं

# तरसेम डेयरी में नकली घी बनाने का आरोप

- जिला प्रशासन के निर्देशानुसार समाधान शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद



**टोहाना।** समाधान शिविर में शिकायतें सुनते एसडीएम। *फोटो : हरिभूमि*

हरियाणा सरकार के दिशा-निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में सोमवार को लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता नगराधीश गौरव गुप्ता ने की। इस समाधान शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे, जिन्होंने मौके पर ही नागरिकों की जन शिकायतों की सुनवाई की और कई समस्याओं का तुरंत समाधान भी किया। समाधान शिविर में ढांड निवासी विनोद कुमार ने प्लॉट की रजिस्ट्री ना मिलने, दहमन निवासी सुमन ने पीपीपी में नाम दर्ज करवाने, लोहा खेड़ा निवासी वीरपाल कौर ने आर्थिक सहायता दिलवाने, ढाबी खुर्द निवासी महाबीर ने हैप्पी कार्ड बनवाने व मुन्नी ने वोटर कार्ड में जन्मतिथि व वार्ड ठीक करवाने, काजलहेड़ी निवासी राजेश कुमार ने जानलेवा हमला करने वाले संबंधित के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। इसके अलावा बनगांव समस्त वार्ड वासियों ने रिहायशी इलाके से भैड़ों के बाडे को हटवाने, फतेहाबाद निवासी जसवंत कौर ने तरसेम डेयरी वाले पर नकली घी बनाने पर कार्यवाही करने आदि शिकायतें प्राप्त हुई।

### टोहाना में एसडीएम ने सुनीं शिकायतें

फतेहाबाद के अलावा टोहाना में एसडीएम प्रतीक हुड्डा ने समाधान शिविर में लोगों की शिकायतें सुनी। शिविर में परिवार पहचान पत्र से संबंधित 3, शहरी निकाय विभाग से संबंधित 1, विकास एवं पंचायत से संबंधित 1 शिकायत प्राप्त हुई।



हरिभूमि
सहेली



हर कोई जीवन में सफलता चाहता है, नित्य सफलता की नई-नई ऊंचाइयां छूना चाहता है। इसके लिए सबसे जरूरी है आपका कॉन्फिडेंस लेवल स्ट्रॉन्ग हो। यह तभी संभव है, जब हम इसके लिए कॉन्शस रहेंगे, बड़े नहीं पहले छोटे-छोटे लक्ष्य निर्धारित करेंगे। इन्हें पूरा करने के लिए दृढ़ संकल्पित रहेंगे, खुद को तो मोटिवेट करेंगे ही, दूसरों को भी मोटिवेट करेंगे।

# सफलता की कुंजी सेल्फ-कॉन्फिडेंस

कवर स्टोरी
घनश्याम बादल

सही कहा गया है, 'इंसान तब नहीं हारता जब वह हार जाता है, वह तब हारता है, जब वह हार मान लेता है।' यदि इस बात को गहराई से समझा जाए तो स्पष्ट रूप से समझ में आ जाता है कि इंसान की हार तभी होती है, जब उसका कॉन्फिडेंस यानी आत्मविश्वास डगमगा जाता है। यह एक वास्तविकता है, इंसान की सक्सेस में उसके कॉन्फिडेंस का बहुत बड़ा रोल होता है। कॉन्फिडेंस की ताकत हमें लाइफ में कड़े से कड़े चैलेंज का सामना करने और सक्सेस की ओर बढ़ने में मदद करती है। कई बार ऐसी परिस्थितियां आ जाती हैं कि व्यक्ति अपना कॉन्फिडेंस खो बैठता है। आसान-सी परिस्थितियों को बहुत मुश्किल समझ कर खुद को 'स्ट्रेस' में डाल लेता है। इसीलिए इस बात का जानना बहुत जरूरी है कि हम अपना कॉन्फिडेंस कैसे बनाए रखें, इसे कैसे बढ़ाएं भी?



**जरूरी है मन में दृढ़ संकल्पः** कॉन्फिडेंस बढ़ाने के लिए सबसे पहले अपने सोचने का तरीका और आदतें बदलना बहुत जरूरी है। साथ ही साथ मन में एक दृढ़ संकल्प का होना भी जरूरी है कि हमें यह काम करना ही है, हर हाल में सक्सेस हासिल करनी ही है। साथ ही 'भले ही मैं हार जाऊं, लेकिन हार नहीं मानूंगी' का भाव भी हमारे भीतर बना रहना चाहिए।

**स्वयं को पहचानें और स्वीकारेंः** आत्मविश्वास प्राप्त करने का पहला तरीका है कि खुद जैसी हैं, वैसा ही स्वीकार करें। इसी के साथ निरंतर अपनी क्षमताओं को निखारने का प्रयास करें। आत्मचिंतन करें और अपनी सोच को हमेशा सकारात्मक बनाए रखें।

**नेगेटिविटी से बचेंः** नेगेटिविटी हमें नाकामयाबी की ओर ले जाती है। दूसरे की सक्सेस हमारे भीतर ईर्ष्या पैदा करती है, इसलिए नेगेटिव थिंकिंग से बचें और अपनी उपलब्धियों पर ध्यान दें। अपने बारे में पॉजिटिव बातें सोचें, ऐसे लोगों के साथ रहें, जो पॉजिटिव सोच रखते हैं, हमें इंस्पायर करते हैं।

**कुछ नया सीखेंः** यदि आप चाहती हैं कि आपका कॉन्फिडेंस हमेशा बना रहे तो खुद को अपडेट रखें। नई-नई स्किल्स सीखें, अपने प्रोफेशन से जुड़ी बुक्स पढ़ें और अपना स्किल डेवलप करती रहें। किसी भी फील्ड में महारत हासिल करना आपके कॉन्फिडेंस को बढ़ाने में मदद करता है। कभी भी नए काम, नया लक्ष्य, नई तकनीक से डरे नहीं, इसे आगे बढ़कर अपनाएं। यह प्रवृत्ति आपको सफलता की राह पर आगे बढ़ाती रहेगी।


**असफलता से डरें नहींः** जीवन में सफलता के साथ असफलताएं भी मिलती हैं। असफलताओं से कभी डरें नहीं, इन्हें सीखने का अवसर समझें, मतलब गलतियों से सीखें और अगली बार बेहतर से बेहतर करने का प्रयास करें। हर छोटी से छोटी सफलता को सेलिब्रेट करें, इससे आपका मनोबल बढ़ेगा।

**मोटिवेशनल बनेंः** जीवन में मोटिवेशन यानी अभिप्रेरणा का बहुत बड़ा रोल होता है। अच्छे कामों के लिए स्वयं को तो मोटिवेट करें ही, साथ ही अपने साथियों को भी इसके लिए मोटिवेट करें। मोटिवेशनल बुक्स पढ़ें, वीडियो देखें और पॉडकास्ट सुनें। अपने रोल मॉडल की पर्सनालिटी से इंस्पायर हों।

**कभी दूसरों से तुलना न करेंः** जीवन में कॉन्फिडेंस के डगमगाने की एक बड़ी वजह यह भी होती है, दूसरों के साथ अपनी तुलना। इस बात को समझें कि आपकी अपनी एक अलग पर्सनालिटी है, गुण-अवगुण हैं। इसलिए अपनी तुलना कभी दूसरों से न करें। अपनी प्रोग्रेस पर ध्यान दें, इसमें लगातार सुधार करती रहें। हर व्यक्ति की अपनी विशेषताएं होती हैं, आप भी अपनी विशेषताओं को पहचानकर उन्हें निखारें, अपने करियर को नई ऊंचाई दें।

### बॉडी लैंग्वेज भी है इंपॉर्टेंट

आपका कॉन्फिडेंस केवल आपके काम में ही नहीं, आपके हाव-भाव में भी दिखना



चाहिए। इसलिए किसी से मिलते, बात करते समय अपनी बॉडी लैंग्वेज का ध्यान रखें, सही मुद्राएं अपनाएं, सामने वाले से आंखों से आंखें मिलाकर बात करें, अच्छा हो चेहरे पर मुस्कान भी हो। सबसे बड़ी बात समस्याओं से भाग कर नहीं, उनका सामना करके, उनका हल निकालने की सकारात्मक सोच रखें। इससे आपकी सभी समस्याओं का हल अवश्य निकलेगा।

**स्वस्थ जीवनशैली अपनाएंः** मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य का प्रभाव हमारे आत्मविश्वास पर गहरे रूप से पड़ता है। इसलिए आत्मविश्वास के लिए जरूरी है कि हम मानसिक-शारीरिक रूप से स्वस्थ रहें। शारीरिक स्वास्थ्य के लिए नियमित व्यायाम करें, इससे मानसिक मजबूती भी बढ़ती है, साथ ही आत्मविश्वास भी बढ़ता है। सही खान-पान अपनाएं और पर्याप्त नींद लें। मानसिक स्वास्थ्य के लिए चित्त को शांत रखें। नित्य ध्यान-योग करें, इससे मानसिक शांति मिलेगी।

**बनाएं छोटे-छोटे लक्ष्यः** हमेशा आत्मविश्वास से भरी रहें, इसके लिए अच्छा यही है कि आप लंबे-लंबे लक्ष्य निर्धारित न करके छोटे-छोटे लक्ष्य बनाएं और इन्हें पूरा करने की आदत बनाएं। हर पूरा हुआ लक्ष्य आपका आत्मविश्वास बढ़ाएगा। छोटे-छोटे लक्ष्य के बाद धीरे-धीरे बड़े लक्ष्यों की ओर बढ़ें। आप जरूर सफल होंगी।

**खुद को दें चैलेंजः** कभी भी नए एक्सपीरियंस लेने से घबराएं नहीं। अपने डर का मुकाबला करें, इनसे सीखें। मनोवैज्ञानिक कहते हैं कि



जीवन में जितने डर होते हैं, उनमें से केवल एक या दो प्रतिशत ही सही निकलते हैं, इसलिए कभी डरिए नहीं। डर की वजह से खुद को सीमाओं में न बांधें, निरंतर नए अवसरों की तलाश में रहें। यह सोच आपको सफलता के शिखर पर पहुंचाएगी।

---

# जीत का जश्न मनाएं हार से उबरना सिखाएं

यह सच है कि जीवन में हार-जीत लगी रहती है। लेकिन कुछ पैरेंट्स अपने बच्चे से हमेशा जीतने, फर्स्ट आने की ही उम्मीद करते हैं, हारने पर उसे ताने देते हैं। इससे बच्चे का मनोबल टूटता है। बच्चे को जीत-हार का महत्व समझाने के लिए जरूरी है कि जिस तरह उसकी जीत का जश्न मनाया जाए, उसी तरह उसे हार से उबरना भी सिखाया जाए।

बच्चे और आप
नीलम अरोड़ा



अधिकतर पैरेंट्स, अपने बच्चे की सफलता पर जितनी सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हैं, उसकी असफलता पर वे बहुत निराश हो जाते हैं। इसका बच्चों की मानसिकता पर बहुत गहरा असर पड़ता है। अगर आप जीतने पर बच्चों को जश्न मनाना, और अपनी खुशी दूसरों के साथ बांटना सिखाते हैं तो हार का सामना करना और उससे उबरना भी सिखाना होगा। आपको समझना होगा कि हम सभी प्रयास करने के बाद भी जीवन के किसी न किसी क्षेत्र में पीछे रह ही जाते हैं। ऑफिस में भी हम हर काम को अच्छे से परफॉर्म नहीं कर पाते। लेकिन इसका मतलब यह नहीं होता कि हम हिम्मत हारकर बैठ जाते हैं, जैसे हम जिंदगी की असफलताओं से दिन-रात जूझते हैं, ठीक उसी तरह हमें अपने बच्चों को भी फेल होता देखकर न तो स्वयं निराश होना चाहिए, न ही उन्हें निराश होने देना चाहिए। पैरेंट्स होने के नाते हमें बच्चों को बताना चाहिए कि हारना ही हम सबको जीतना सिखाती है। बच्चों को हार से उबारने और उनसे पार पाने के लिए हम आपको बता रहें हैं कुछ खास बातें, जिन्हें आपके लिए जानना जरूरी है।



**सभी बच्चे एक जैसे नहीं होतेः** अगर आपका बच्चा किसी कठिन कार्य को जल्दी सीख नहीं पाता, तो इसके लिए उसे दोष नहीं देना चाहिए। क्योंकि हर बच्चे की प्रतिभा अलग-अलग होती है। हो सकता है आपका बच्चा खेल में अच्छा हो और पढ़ाई में औसत। इस बात को जब आप स्वयं स्वीकार करेंगे, तभी तो बच्चे को समझा पाएंगे। जहां उसकी प्रतिभा छुपी है, उसे उसी रास्ते पर आगे बढ़ने में मदद करें।

**हारने-जीतने पर दें सही प्रतिक्रियाः** कई पैरेंट्स जब अपने बच्चों के साथ घर में खेलते हैं तो उसकी खुशी के लिए, जानबूझकर हर बार हारते हैं। ऐसा करना गलत है, बच्चे को जीतने के साथ ही हार का सामना करना भी आना चाहिए। इसलिए जब आप बच्चे के साथ खेलें तो जानबूझकर उससे न हारें। अगर वो हार रहा है तो हारने के समय हौसला कैसे बनाए रखना है, इसकी प्रैक्टिस भी बतौर पैरेंट्स आपको जरूर करानी चाहिए। जिस तरह बच्चे के जीतने पर आप उसे खूब बधाई देती हैं, उसे सीने से लगा लेती हैं, क्या हारने पर उससे कुछ नहीं कहतीं? उसका हौसला बढ़ाने के लिए, उसे फिर से प्रयास करने के लिए प्रोत्साहित नहीं करती हैं? अगर आप इस तरह की प्रतिक्रिया देती हैं तो इसका बच्चे के मन पर सीधा असर होता है। इसलिए बच्चे के हारने या जीतने पर आपको कैसी प्रतिक्रिया देनी है, यह बात आपको जरूर समझनी चाहिए।

**बच्चे को सपोर्ट करेंः** अगर बच्चे किसी भी प्रतिस्पर्धा या किसी खेल में जीत हासिल करने की ठान लेते हैं तो वे अपना जी जान लगा देते हैं। लेकिन जीतना एक कला है। जीतने के लिए योजना बनानी पड़ती है। ठीक उसी तरह, जैसे परीक्षा में अच्छे नंबर लाने के लिए एक टाइम टेबल बनाकर लगातार मेहनत करनी होती है। जिस तरह पढ़ाई में अच्छे मार्क्स लाने के लिए आप बच्चे को गाइड करती हैं, उसकी हेल्प करती हैं। उसी तरह किसी भी कार्य में अच्छा प्रदर्शन करने या जीतने की उसकी योजना को सफल बनाने में भी आपका बहुत बड़ा रोल हो सकता है। इसलिए जितना अधिक संभव हो बच्चे को सपोर्ट करें।

**हार से निकलती है जीत की राहः** अगर आपका बच्चा किसी प्रतियोगिता में असफल रह जाए तो उसे उलाहना देने या दोष देने के बजाए, उसे हिम्मत दें। अगर बच्चा अपनी हार पर अफसोस जताए और कई दिनों तक हार के कारण अवसाद में रहे तो उसे समझाएं कि हार, सफलता की सीढ़ी पर चढ़ने का एक रास्ता है। उसे अगली बार ज्यादा तैयारी करने और निश्चित रूप से जीत हासिल करने के लिए प्रेरित करें। बच्चे को समझाएं कि इंसान कोशिश करता है, असफल होता है और फिर से कोशिश करता है।

---

मैरीड लाइफ
संध्या सिंह

शायद ही कोई ऐसे पत्नी-पत्नी हों, जिनके बीच तकरार न होती हो। तकरार के कारणों का लंबे समय तक बना रहना, दांपत्य जीवन के लिए घातक है। दंपती टकराहट से बचकर आपसी सामंजस्य और सौहार्द से सुखी दांपत्य जीवन की राह पर आएं। ऐसा करना कठिन नहीं है।

# कहीं आप हमेशा तकरार के अंदाज में तो नहीं रहते



पति-पत्नी के रिश्ते में अकसर तकरार होती ही रहती है। कोई भी नई-नवेली दुल्हन जब ससुराल में कदम रखती है तो उसे यहां आकर अपने सास-ससुर, देवर-देवरानी, ननद, जेठ-जेठानी और उनके बच्चों से अपने रिश्ते निभाने पड़ते हैं। साथ ही उसे अच्छी, सर्वगुण संपन्न सुशील बहू का भी रोल निभाना पड़ता है। घर-परिवार में पति-पत्नी के अलावा घर के दूसरे सदस्यों से भी कहा-सुनी हो ही जाती है, इसका इन रिश्तों पर जहां बुरे प्रभाव पड़ते हैं, पति के साथ भी तकरार, कलह-तनाव का कारण बनती है। लेकिन समझदार दंपती अपने दांपत्य को मधुर बनाए रखने के लिए सामंजस्य बैठाकर चलते हैं।

**पति के माता-पिता को लेकर गुस्सा न करेंः** अकसर पति-पत्नी के बीच कलह का कारण पति द्वारा अपने माता-पिता को प्रेम और सम्मान देना होता है। कई पत्नियां ऐसी होती हैं, जिन्हें यह बात गले नहीं उतरती कि उनका पति अपने माता-पिता की सारी ख्वाहिशों को पूरा करे। अगर पति अपने माता-पिता पर खर्च करे, ऐसे में पत्नी कुछ ऐसी स्थितियां पैदा करती है कि दोनों के बीच उन्हें लेकर तकरार हो ही जाती है। पत्नी को समझना चाहिए कि पति पर उसके माता-पिता का अधिकार, पत्नी से भी कहीं ज्यादा है। माता-पिता ही उसकी जन्म से परवरिश करते हैं, दुनिया से रूबरू कराते हैं, निश्चित ही वे प्रेम और आदर के अधिकारी हैं। ऐसे में पति द्वारा अपने माता-पिता पर ध्यान देने पर पत्नी को कलह नहीं करनी चाहिए।


**ओवर रिएक्ट करने से बचेंः** अकसर पत्नियां घर में सास-ससुर, ननद, जेठ-जेठानी की बातों और तानों को सुनकर गुस्से से जवाब देती हैं। इससे कई बार लड़ाई की नौबत भी आ जाती है। उनकी बातों पर ओवररिएक्ट करने के बजाय जहां बातें हो रही हों, वहां से उठकर चली जाएं। कहते हैं न, जहां दो बर्तन होते हैं, वो एक-दूसरे से टकराते ही हैं। तो ये रिश्ते भी ऐसे होते हैं, जिनमें थोड़ी बहुत तकरार चलती है। आपके रिश्तों में मधुरता बनी रहे, इसलिए कुछ मामलों में चुप्पी साधना ही बेहतर है।

**सही समय पर करें शिकायतः** पति के मूड को देखकर सोच-समझकर बोलना चाहिए। पति के ऑफिस से लेट आने, दोस्तों के साथ इधर-उधर घूमने के कारण भी कुछ पत्नियां कलह करती हैं। पत्नी को चाहिए कि वह भीतर से भले ही गुस्सा हो, लेकिन गुस्से को सही समय पर व्यक्त करे। अगर पति का मूड खराब है तो चुप रहना ही बेहतर है। उनका मूड जब सही हो जाए तो उनसे पूछ सकती हैं, 'कल इतनी देर तक कहां थे?' समझदार पति सच बता देते हैं। अगर झूठ भी बोलें तो उन्हें अगली बार सच बोलने का मौका तो दें। कहने का मतलब है कि उनके घर में घुसते ही उन पर फायर न हों।

**घर के कामों में पति का लें सहयोगः** जिन घरों में पत्नियां कामकाजी होती हैं, वहां काम की अधिकता अकसर पति-पत्नी के बीच कलह का कारण बन जाती है। कई पति, पत्नी का हाथ इसलिए भी नहीं बंटा पाते, क्योंकि वे जो कुछ भी करते हैं, उसमें कोई न कोई कमी पत्नी निकाल ही देती है। ऐसे में उन्हें लगता है, दूर रहने में ही भलाई है। कई पति तो घर के कामों को इसलिए नहीं करते, क्योंकि वे इसे अपनी प्रतिष्ठा के खिलाफ समझते हैं। ऐसे पतियों को समझना चाहिए, आज समय बदल चुका है। उन्हें पत्नी के कामों में हाथ बंटाना चाहिए।

**चुप रहना सिर्फ पत्नी नहीं, पति की भी जिम्मेदारीः** चुप रहना केवल पत्नी की ही जिम्मेदारी नहीं होती। कुछ मामलों में पति ही ज्यादा लड़ाई के लिए उकसाने वाले साबित होते हैं। कई मौकों पर पति को भी चुप्पी साधनी चाहिए। चुप्पी साधकर असलियत का पता लगाने के बाद ही पत्नी से इस बावत कोई बात करें। छोटी-छोटी गलतियों पर अपनी पत्नी को दूसरों के सामने बेइज्जत न करें, इसलिए खामोशी पत्नी या पति की हार नहीं बल्कि दोनो की जीत होती है।

---




केयर
शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट

# समर ट्रिप के दौरान करें स्किन की प्रॉपर केयर

समर वेकेशंस में बहुत-से लोग बाहर घूमने-फिरने का प्रोग्राम बनाते हैं। लेकिन घूमने के दौरान अगर आप अपनी स्किन प्रोटेक्शन को लेकर जरूरी सावधानी नहीं बरतेंगी तो कई प्रॉब्लम्स को फेस करना पड़ सकता है। हमारी स्किन को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाती है, सूर्य की किरणें।

**सनस्क्रीनः** ट्रैवलिंग के दौरान आप सनस्क्रीन लोशन अपने साथ जरूर रखें, क्योंकि यही आपकी स्किन को टैन होने से बचा सकती है। सूर्य की किरणों के संपर्क में रहने से स्किन में टैनिंग होने लगती है। इसलिए इस सीजन में जब भी आप बाहर धूप में जाएं तो जाने से 20 मिनट पहले चेहरे और शरीर के खुले हिस्सों पर सनस्क्रीन का यूज करें। अगर आप धूप में एक घंटा या ज्यादा समय तक रहें तो सनस्क्रीन का दुबारा यूज करें। अगर आपकी स्किन सेंसिटिव है तो सनबर्न से बचने के लिए आप 30 या ज्यादा एस.पी.एफ. वाला सनस्क्रीन यूज करें। इसके अलावा आप मॉयश्चराइजर, रिहाइड्रेंट क्लींजर, हैंड क्रीम और लिप बाम भी साथ रखना न भूलें।



**स्क्रबिंगः** ऑयली स्किन को चमकाने और छिद्रों को साफ करने के लिए स्क्रब का यूज भी इस दौरान करना चाहिए। सी बीच पर खारे पानी में एंज्वॉय करने के बाद चेहरे को ताजे साफ पानी से धोएं। जब भी आप वापस अपने होटल के कमरे में पहुंचें तो चेहरे पर ठंडे दूध की मालिश करके छोड़ दें। इससे सनबर्न के प्रभाव को रोकने में मदद मिलेगी फिर चेहरे पर मॉयश्चराइजर लगाएं।



**मास्कः** फेस स्किन के लिए 'पील ऑफ मास्क' भी उपयोगी साबित होगा। शहद को अंडे के सफेद भाग में मिलाकर इस पेस्ट को चेहरे पर 20 मिनट तक लगा रहने के बाद इसे ताजे पानी से धो डालिए। इससे त्वचा कोमल-चमकदार बनती है।

**बालों का रखें ध्यानः** समुद्री पानी में नहाने से आपके बाल उलझ सकते हैं। समुद्री पानी में नहाते समय सिर को कैप से ढंकने से बालों को सूर्य की गर्मी और खारे पानी के नुकसान से बचाया जा सकता है। समुद्र में नहाने से पहले अपने बालों को सामान्य ताजे पानी से अच्छी तरह धोएं। बालों के छिद्र खुले होते हैं और बालों को धोने के बाद समुद्र में नहाने से बालों को नुकसान नहीं होगा। समुद्री पानी में नहाने के बाद बालों को हल्के हर्बल शैंपू से धो डालिए। शैंपू से धोने के बाद बालों में कंडीशनर या हेयर सीरम जरूर लगाएं।

---

एडवाइस
डॉ. अविनाश कुमार
एचओडी-पीडियाट्रिक-पीएमसीएच, धनबाद

# बढ़ती गर्मी में ऐसे करें बच्चों की केयर

गर्मी के मौसम में जरा-सी लापरवाही बरतने पर बच्चे बीमार हो सकते हैं। इससे बचाव के लिए जरूरी है कि आप उनके ड्रेसअप, डाइट और हाइड्रेशन का ध्यान रखें। यहां पर हम आपको दे रहे हैं इससे रिलेटेड बहुत ही यूजफुल सजेशंस।



गर्मी दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है। बढ़ते तापमान और इस चिलचिलाती गर्मी से हर कोई बेहाल है। बड़े तो फिर भी अपनी सुरक्षा और बचाव के लिए कुछ उपाय कर लेते हैं, लेकिन बच्चे अपना ध्यान नहीं रख पाते हैं। ऐसे में जरूरी है कि आप अपने बच्चों की प्रॉपर केयर करें।

**डाइट दें सहीः** गर्मी के मौसम में बच्चों के खान-पान का विशेष ध्यान रखना चाहिए। ध्यान रखें कि बच्चा ब्रेकफास्ट, लंच और डिनर में न्यूट्रिशस डाइट समय पर लेता रहे। बीच-बीच में घर में बने पेय पदार्थ जैसे लस्सी, छाछ, नारियल पानी या मौसमी फलों के रस भी उन्हें दे सकती हैं। नमक, चीनी, पानी और नीबू रस से बनी शिकंजी भी उन्हें पिलाएं। इस मौसम में बाजारू खाना न खुद खाएं और न बच्चों को खिलाएं क्योंकि दूषित भोजन खाने से फूड प्वॉइजनिंग होने का खतरा बना रहता है। इसलिए इससे परहेज करें।



**पहनाएं थिन ड्रेसेसः** इस सीजन में अपने बच्चों को लाइट कलर की कॉटन ड्रेसेस पहनाएं। ये ना केवल आरामदायक होते हैं, बल्कि बच्चों के शरीर को हवादार भी रखते हैं। पसीने को भी ये कपड़े आसानी से सोखते हैं। सिंथेटिक फैब्रिक से बनी ड्रेसेस, शरीर से निकले पसीने को नहीं सोखती हैं और शरीर से देर तक पसीना चिपका रहता है। नतीजा घमौरियां निकल आती हैं।

**धूप से बचाएंः** इस मौसम में दिन के समय बच्चों को धूप में नहीं जाने दें। अगर बच्चा सुस्त दिखे तो उसका बॉडी टेंप्रेचर चेक करना चाहिए। अगर टेंप्रेचर ज्यादा लगे तो ठंडे पानी में कपड़े को भिगोकर तब तक उसके शरीर को पोछें, जब तक कि शरीर का तापमान सामान्य ना हो जाए।

**डिहाइड्रेशन से बचाएंः** गर्मी के मौसम में शरीर बहुत तेजी से पसीने के रूप में तरल (पानी) बाहर निकालता है। इसकी वजह से रक्त गाढ़ा होने लगता है। ऐसी स्थिति में शरीर में पानी की कमी यानी डिहाइड्रेशन से बचाने के लिए अपने बच्चों को दिन भर थोड़ी-थोड़ी देर में तरल पदार्थ देती रहें। ठंडा पानी और ठंडे पेय आपके बच्चे को राहत प्रदान करेंगे, पानी की कमी को पूरा करेंगे और शरीर के तापमान को भी बहुत हद तक कम करने में मदद करेंगे। जूस, शरबत पिलाने से बच्चे को अतिरिक्त ऊर्जा भी मिलेगी।

**रोज नहलाएंः** गर्मियों में बच्चों को ठंडे पानी से रोज नहलाना चाहिए। नहलाने से दो फायदे होते हैं। एक तो उनके शरीर का तापमान कम होता है और दूसरा उनकी त्वचा भी साफ होती है। जिससे त्वचा के रोम छिद्र भी खुल जाते हैं। जो पसीने को शरीर से आराम से निकलने में मदद करते हैं।

**टेंप्रेचर रखें मेंटेनः** घर के भीतर टेंप्रेचर को कम रखने के लिए एसी या कूलर का यूज करें। लेकिन इनका जरूरत से ज्यादा प्रयोग भी हानिकारक हो सकता है, क्योंकि एक निश्चित तापमान से कम होने पर शारीरिक क्रियाएं बाधित होती हैं। छोटे बच्चों के लिए 27 डिग्री से कम का तापमान अच्छा नहीं माना जाता है। अगर बच्चे बाहर से आएं तो उन्हें तुरंत एसी या कूलर के सामने जाने से बचाना चाहिए।

**न हो पेट का संक्रमणः** गर्मी के मौसम में पेट के संक्रमण से बचाने के लिए बच्चों को ताजा, घर का बना पौष्टिक भोजन ही खिलाएं और शुद्ध जल पीने के लिए दें।

**प्रस्तुतिः अलका 'सोनी'**

## खबर संक्षेप



### आभूषण व नकदी चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार

**सिरसा।** सीआईए सिरसा पुलिस ने गांव कोटली में स्थित एक घर से सोने की बालियां व 20 हजार रुपए की नकदी चोरी के आरोपी दो युवकों को काबू किया है। सीआईए सिरसा प्रभारी प्रेम कुमार ने बताया कि गिरफ्तार किए गए युवकों की पहचान राजेंद्र उर्फ संदीप पुत्र भगवान दास व शमशेर उर्फ शेरा पुत्र दलबीर सिंह निवासी गांव कोटली जिला सिरसा के रुप में हुई है। उन्होंने बताया कि कोटली निवासी पीड़ित महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती 1 मई 2025 को काम के सिलसिले में शहर चली गई थी। वापस लौटी तो घर का ताला टूटा मिला।

### साहित्यकार डॉ. ज्ञानप्रकाश पीयूष हुए सम्मानित

**सिरसा।** हरियाणा प्रादेशिक लघुकविता मंच के तत्वावधान व डॉ. सुरेंद्र वर्मा की स्मृति में अखिल भारतीय लघुकविता सम्मेलन हुआ। इसमें मुख्यातिथि डॉ. जयभगवान सिंगला, अध्यक्ष चांद वर्मा, अतिविशिष्ट अतिथि डॉ. प्रेम कंबोज, विशिष्ट अतिथि डॉ. मधुकांत, विशिष्ट अतिथि आनंद प्रकाश आर्टिस्ट थे। समारोह में दिल्ली, पंजाब, राजस्थान व हरियाणा प्रांत के अनेक साहित्यकारों ने भाग लिया। इसमें 50 लघु कविताकारों की पुस्तकों का लोकार्पण हुआ व उन्हें सम्मानित किया गया।

### राजेंद्र बने हैंडबॉल एसो. के सीनियर वाइस प्रेजिडेंट

**सिरसा।** हरियाणा स्टेट हैंडबॉल एसोसिएशन की जींद में हुई बैठक में सर्वसम्मति से डॉ. राजेंद्र कड़वासरा को हरियाणा स्टेट का सीनियर वाइस प्रेसिडेंट बनाया गया है। इस नियुक्ति पर भगत धन्नाजी ट्रस्ट के प्रधान अमरीक सिंह राही सहित सभी सदस्यों ने लड्डू बांटकर खुशी प्रकट की है। भारतीय जाट विकास मंच के राज्य प्रधान एडवोकेट हनुमान गोदारा एवं मंच के सदस्यों ने खुशी जताई है। ऑल इंडिया कंज्यूमर वेलफेयर कौंसिल के राष्ट्रीय कार्यकारी प्रधान डॉ. गुरभेज सिंह ढिल्लों ने कहा कि डॉ. राजेंद्र कड़वासरा की इस नियुक्ति से खिलाड़ियों को बेहतर वातावरण मिलेगा।

### अव्वल विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**चोपटा।** गांव दड़बा कलां के राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है। स्कूल में अव्वल छात्रों को स्कूल के प्राचार्य रमेश कुमार ने सम्मानित किया। सरपंच संतोष बैनीवाल ने बधाई दी। प्राचार्य रमेश कुमार ने बताया कि हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की दसवीं कक्षा की 54 छात्रों ने परीक्षा दी। इनमें दस छात्रों ने बोर्ड की परीक्षा में मेरिट हासिल की है। 5 छात्रों ने 90 फीसद से अधिक अंक लेकर पास हुए हैं। स्कूल की छात्रा सपना ने 93.4 फीसदी अंक हासिल कर प्रथम स्थान पाया।

## फसल खराबे के मुआवजा वितरण में गबन को लेकर किसानों ने किया प्रदर्शन

# गबन करने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग, सौंपा ज्ञापन

**संघर्ष समिति ने एसडीएम का पत्र लिखकर जल्द मुआवजा देने की मांग की**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिले में 2021 में जलभराव व अन्य प्राकृतिक आपदाओं के कारण खराब हुई फसलों के मुआवजा वितरण में हुए लाखों रुपये के गबन के मामले को लेकर पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति ने डीसी कार्यालय पर रोष प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व जिला प्रधान ओमप्रकाश हसंगा ने किया। इसके बाद किसान संघर्ष समिति ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर इस गड़बड़झाले की जांच करवाने और पीड़ित किसानों को जल्द मुआवजा दिए जाने की मांग की है। किसान संघर्ष समिति ने चेतावनी दी है कि यदि इस मामले में आरोपियों पर कार्रवाई नहीं हुई और सही किसानों को मुआवजा नहीं मिला तो किसान सडक़ों पर उतरने को मजबूर होंगे।

इस अवसर पर जिला प्रधान के साथ वरिष्ठ किसान नेता रविन्द्र हिजरावां, ब्लाक सचिव रामपाल, गोपी माजरा रोड सहित काफी संख्या में किसान मौजूद रहे।उन्होंने कहा कि यदि मुआवजा पात्रों की पूरी सूची की गहनता से जांच की जाए तो लाखों रुपये का गबन सामने आ सकता है। पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर इस मामले की गहनता से जांच करवाने, दोषी अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने और सही पीड़ित किसानों को मुआवजा राशि का जल्द वितरण करने की मांग की है।



**फतेहाबाद।** अधिकारी को ज्ञापन सौंपते पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### 20 गांवों की फसलें हुई थी खराब

पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति के प्रधान ओमप्रकाश हसंगा ने बताया कि वर्ष 2021 में फतेहाबाद, भूना व भट्टू ब्लाक के गांव चिन्दड़, बड़ोपल, खाराखेड़ी, खजूरी जाटी कुम्हारिया सहित 20 गांवों में जलभराव और सूंडी के कारण किसानों की नरमा की फसला खराब हो गई थी। इस पर सरकार ने गिरदावरी करवाकर वर्ष 2022 में मुआवजा वितरण सूची जारी की। गिरदावरी का काम पटवारी, कानूनगो, तहसीलदार की टीम द्वारा किया गया। इन अधिकारियों ने मिलकर जिन किसानों की फसल खराब हुई थी, उनका नाम सूची से निकाल दिया और उन किसानों के खाते में पैसे नहीं डाले जबकि जिन किसानों की न तो गांव में जमीन है और न ही उनकी कोई फसल खराब हुई है, ऐसे लोगों के खाते में मुआवजे के पैसे डालकर भारी गोलमाल किया गया है। किसान नेताओं ने कहा कि पटवारी व सहायक ने मिलकर अपने रिश्तेदारों, परिवारजनों व चहेतों के खातों में पैसे ट्रांसफर किए।



भूना। जागरूकता सेमिनार को संबोधित करते डॉ. ममता।

## खाद्य सुरक्षा एवं मिलावट विषय पर जागरूकता सेमिनार आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भूना

युवा कार्यक्रम एवं उद्यमिता विभाग हरियाणा द्वारा राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, भूना में खाद्य सुरक्षा एवं मिलावट के प्रति जागरूकता को लेकर सेमिनार का आयोजन किया गया।इस सेमिनार में मुख्य अतिथि डॉ. ममता ने कहा कि आज के समय में स्वास्थ्य संबंधी सबसे बड़ी चिंता हमारे खान-पान से जुड़ी हुई है। जिस भोजन को हम पोषण और ऊर्जा के लिए ग्रहण करते हैं, वहीं यदि मिलावटी या असुरक्षित हो, तो वह हमारे जीवन के लिए अत्यंत घातक सिद्ध हो सकता है। उन्होंने उदाहरणों के माध्यम से बताया कि कैसे सामान्य दिखने वाले खाद्य पदार्थों में भी हानिकारक रसायनों की मिलावट की जाती है, जिससे न केवल गंभीर बीमारियां होती हैं, बल्कि दीर्घकालिक रूप से यह मानव स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है। उन्होंने यह भी बताया कि खाद्य पदार्थों में मिलावट आज समाज की एक बड़ी और जटिल समस्या बन चुकी है। इससे निपटने के लिए आम जनता को जागरूक होना अत्यंत आवश्यक है। मिलावट को रोकने के लिए हमें न केवल सतर्क उपभोक्ता बनना होगा, बल्कि अपने आसपास के लोगों को भी इस विषय में शिक्षित करना होगा। पैकजिला युवा समन्वयक अधिकारी रमेश कुमार ने बताया कि सेमिनार में लगभग 250 लोगों ने भाग लिया।

## आपात स्थितियों से निपटने के लिए की मॉक ड्रिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

फतेहाबाद पुलिस ने कानून व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने और आपात स्थितियों में तत्परता दिखाने के उद्देश्य से आज पुलिस लाइन परिसर में जनरल परेड और मॉक ड्रिल का आयोजन किया। इस विशेष कार्यक्रम का नेतृत्व पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने किया। उन्होंने स्वयं परेड का निरीक्षण कर पुलिस बल की तैयारी और अनुशासन का आंकलन किया। परेड के दौरान पुलिस अधीक्षक ने पुलिसकर्मियों की शारीरिक फिटनेस, मानसिक सजगता और अनुशासन की गहन जांच की। उन्होंने कहा कि एक मजबूत पुलिस बल की नींव उसकी फिटनेस, समर्पण और समय पर कार्रवाई की क्षमता में होती है। परेड के बाद एक विस्तृत मॉक ड्रिल आयोजित की गई, जिसमें दंगा नियंत्रण दलों को वास्तविक परिस्थितियों का सामना करने का प्रशिक्षण दिया गया। इस अभ्यास का उद्देश्य पुलिस बल की तकनीकी दक्षता, निर्णय लेने की क्षमता और टीमवर्क को और मजबूत बनाना था।प्रशिक्षण के दौरान भीड़ नियंत्रण की आधुनिक रणनीतियों का अभ्यास, आंसू गैस व अन्य विधियों का सुरक्षित उपयोग, सुरक्षा ढालों का कुशल संचालन तथा कानून के दायरे में संयमित और प्रभावी कार्रवाई को लेकर अभ्यास किया गया।



फतेहाबाद। परेड का निरीक्षण करते एसपी सिद्धांत जैन। फोटो : हरिभूमि

## महिलाओं ने निकाली सिंदूर यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक सफलता के उपलक्ष्य में भाजपा महिला मोर्चा व अनेक संगठनों की ओर से शहर के सुभाष चौक पर सिंदूर यात्रा निकाली गई, जिसमें सैकड़ों महिलाओं ने भाग लिया। महिला मोर्चा की जिला प्रधान एडवोकेट भावना शर्मा ने कहा कि लाल सिंदूर की ललकार ने दुश्मन के खेमे में हाहाकार मचा दिया है। देश की दो होनहार बेटियों ने अपनी अद य साहस का परिचय देते हुए दुश्मन को उसके घर में घुसकर ऐसा करारा जवाब दिया, जिसे वो कभी भुला नहीं पाएगा। जब तक ऐसी बहादुर बेटियां हमारे देश में हैं, तब तक दुश्मन की हिम्मत नहीं होगी कि वो हमारे देश की तरफ आंख उठाकर देख सके। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता ने पूरे देश को गौरवान्वित किया है।




सिरसा। महिलाएं सिंदूर आप्रेशन के उपलक्ष्य में यात्रा निकालते हुए। फोटो : हरिभूमि

## सामाजिक संगठन पूर्ण सोसायटी की बैठक का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

सामाजिक संगठन पूर्ण सोसायटी की बैठक प्रधान सन्नी बंसल की अध्यक्षता में हुई। बैठक में आगामी कार्यों पर चर्चा की गई। ललित चक्रवर्ती ने सभी सदस्यों का परिचय करवाया व उसके सेवा कार्यों से सभी को अवगत करवाया। ललित ने बताया कि पूर्ण सोसायटी 2011 से फतेहाबाद क्षेत्र में शिक्षा, रोजगार, निशुल्क सलाहाकार, जीव संरक्षण, जरूरतमंदों को राशन, रक्तदान कैम्प, मैडिकल कैम्प जैसे कार्य करती आ रही है। इसके अलावा कोरोना काल में भी पूर्ण सोसायटी ने एक योद्धा के रूप में लोगों मास्क, सैनेटाईजर वितरित किया। साथ ही महीनों तक जरूरतमंद परिवारों तक सूखा राशन पहुंचाने की भी सेवा निभाई।बैठक में सुरेन्द्र कुमार, पायल चक्रवर्ती, सुदर्शन नरुला, प्रवीण नरुला, राजकमल, रिंकू राजपूत, ओम समीर, गौसेवक विकास नायक, जोनी नायक, विक्रम सोनी ने शिरकत की।

## 9 पुलिस जवानों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

पुलिस लाइन में सप्ताहिक जनरल परेड़ का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक डॉ. मयंक गुप्ता ने परेड की सलामी ली। परेड के दौरान पुलिस जवानों ने शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रखने के लिए दौड़ लगाई। जनरल परेड के उपरांत पुलिस अधीक्षक ने जिला पुलिस द्वारा सभी थानों में आवंटित डायल-112, राइडर, पीसीआर व अन्य वाहनों पर तैनात पुलिस कर्मियों के रजिस्टर को गहनता से चेक करते हुए कहा कि प्रतिदिन की गतिविधियों को नियमानुसार रजिस्टरों में इंद्राज करें, भविष्य में यदि राइडर या गाड़ियों पर तैनात पुलिस कर्मियों के रजिस्टरों में कमी पाई गई तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक ने सराहनीय कार्य करने वाले 9 पुलिस जवानों को नकदी व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। सम्मानित होने वालों में राइडर नंबर 13 पर तैनान सिपाही रवि कुमार, एसपीओ देवा सिंह, राइडर नंबर 14 पर सिपाही दीपक कुमार, एसपीओ कुलविंद्र सिंह, राइडर नंबर 4 पर तैनात सिपाही अशोक कुमार व एसपीओ कृपा राम तथा राइडर नंबर 23 पर एसपीओ कुलविंद्र सिंह तथा राइडर नंबर 20 पर तैनात ईएचसी संदीप कुमार व एसपीओ सूर्या प्रकाश के नाम शामिल है। गौरतलब है कि सम्मानित होने वाले पुलिस कर्मचारियों ने अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बेहतर ढंग से ड्यूटी की थी।



*बैठक में बच्चों की सुविधाओं पर किया विचार*

## आरकेजे केंद्र में बच्चों को जल्द मिलेगी कंप्यूटर लैब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

अतिरिक्त उपायुक्त लक्षित सरीन की अध्यक्षता में सोमवार को स्थानीय लघु सचिवालय में आरकेजे श्रवण एवं वाणी निशक्तजन कल्याण केंद्र के आजीवन सदस्यों व सहयोगियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान केंद्र में शिक्षा ग्रहण कर रहे बच्चों के लिए सुविधाओं में विस्तार करने बारे विचार विमर्श किया गया। इस दौरान बच्चों के लिए कम्प्यूटर लैब की स्थापना बारे चर्चा की गई। अतिरिक्त उपायुक्त लक्षित सरीन ने कहा कि हम सभी का प्रयास रहे कि आरकेजे श्रवण एवं वाणी निःशक्तजन कल्याण केंद्र में पढने वाले बच्चों को अधिक सुविधाएं मुहैया करवाई जाए।उन्होंने कहा कि कम्प्यूटर वर्तमान समय की मांग है और जल्द से जल्द कम्प्यूटर लैब बनने से उन्हें तकनीकी रूप से भी निपुण बनाया जा सकेगा।



## पपीहा पार्क में लोगों की आईडी जांची

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

महिला सुरक्षा और साइबर अपराध की रोकथाम के उद्देश्य से फतेहाबाद पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन के नेतृत्व में चल रहे इस अभियान के अंतर्गत आज जिले के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों का निरीक्षण किया गया। इसी श्रृंखला में शहर के पपीहा पार्क और आईसीएस कोचिंग सेंटर, फतेहाबाद में महिला सुरक्षा को केंद्र में रखते हुए जागरूकता गतिविधियां आयोजित की गई। अभियान के दौरान महिला सुरक्षा टीम द्वारा पार्क में आए लोगों की आईडी की जांच की गई। साथ ही महिलाओं को सतर्क रहने, आत्मरक्षा के उपाय अपनाने, और साइबर फ्रॉड से बचने के उपायों को लेकर जागरूक किया गया।



फतेहाबाद। पार्क में आए लोगों की आईडी जांच करती महिला पुलिस टीम।

## सफलता के शीर्ष पर जाने का एकमात्र मार्ग परिश्रम

- विजेता अंडर-19 व उपविजेता रही अंडर-23 टीम को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

सिरसा क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव एवं क्रिकेटर्स के प्रणेता डॉ. वेद बैनीवाल ने कहा कि मानव के लिए सफलता के शीर्ष पर जाने के लिए केवल परिश्रम ही मार्ग है और उनका अटूट विश्वास है कि युवा क्रिकेटर कनिष्क चौहान ने उसी राह को चुना और अब वह भारत की अंडर-19 क्रिकेट टीम में इंग्लेंड में भारत का प्रतिनिधित्व करेगा। वे सोमवार को सिरसा क्रिकेट एसोसिएशन के बैनर तले शाह सतनाम जी क्रिकेट अकादमी में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि सिरसा का यह उभरता सितारा क्रिकेट के प्रति अपने समर्पण और सामथ्र्य से भारत की अंडर-19 क्रिकेट का हिस्सा बना है जो न केवल सिरसा बल्कि समूचे हरियाणा के लिए गौरव का विषय है।




सिरसा। खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### जूनियर क्रिकेटर्स ने लिया संकल्प

कार्यक्रम के दौरान जूनियर क्रिकेटर्स ने भी भारतीय अंडर-19 क्रिकेट टीम में चुने गए कनिष्क चौहान को अपना आदर्श मानते हुए संकल्प किया कि वे भी अपने कठोर परिश्रम, सिरसा क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव डॉ. वेद बैनीवाल व मुख्य प्रशिक्षक जसकरण सिंह के मार्गदर्शन में सफलता की सीढ़ियां चढ़ेंगे और सिरसा व हरियाणा का नाम क्रिकेट जगत में ख्यातिनाम करेंगे।

## नेशनल कालेज में साइबर क्राइम पर गोष्ठी का आयोजन

*विद्यार्थियों को साइबर अपराध से सुरक्षित रहने की जानकारी दी*

# सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर फोटो व वीडियो शेयर करने से बचें: डीएसपी

- सावधानी व सतर्कता के अभाव में अक्सर लोगों को इसका भूगतना पड़ता है खामियाजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

सिरसा के डीएसपी विकास कृष्णन ने कहा सोशल मीडिया साइट पर भूलकर भी अपनी फोटो में वीडियो शेयर ना करें क्योंकि ऐसा करने से आपकी प्राइवेसी के लिए बहुत बड़ा खतरा हो सकता है। डीएसपी सोमवार को नेशनल कालेज में साइबर क्राइम पर आयोजित गोष्ठी में विद्यार्थियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आधुनिकता के इस युग में सोशल मीडिया ने लोगों में अपनी अलग ही पहचान बना ली है। कुछ लोग तो ऐसे हैं, जिनका दिन सोशल मीडिया का उपयोग किए बिना पूरा ही नहीं होता है, लेकिन सोशल मीडिया का उपयोग करते समय होने वाली धोखाधड़ी और साइबर क्राइम से हमेशा सचेत रहें। सावधानी व सतर्कता के अभाव में अक्सर लोगों को इसका खामियाजा भुगतान पड़ा है। डीएसपी ने कहा कि किसी भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का उपयोग करते समय अपने आपको सुरक्षित रखना बहुत जरूरी है। इसके लिए सबसे पहले एक मजबूत और अलग पासवर्ड बनाएं।

मजूबत पासवर्ड बनाएं यह एक ऐसी चीज है, जिसके बिना आप अपना अकाउंट नहीं खोल सकते हैं। इस कारण एक ऐसा पासवर्ड बनाएं जो हैकर के लिए सोचना मुश्किल हो और उसे वह आसानी से तोड़ भी न सके। इससे आपका सोशल मीडिया अकाउंट सुरक्षित रहेगा और आपकी कोई व्यक्तिगत जानकारी बाहर नहीं जा पाएगी।



**सिरसा।** विद्यार्थियों को संबोधित करते डीएसपी।

### प्राइवेसी सेटिंग का रखें ध्यान

अगर आप चाहते हैं कि आपके द्वारा शेयर की गई फोटो, फाइल और अन्य चीजों को हर कोई न देखे तो प्राइवेसी सेटिंग का ध्यान रखें। अकाउंट बनाते समय सबसे पहले प्राइवेसी से संबंधित सेटिंग करें ताकि आपकी चीजें किसी गलत हाथों में न पड़ जाएं, इसीलिए सावधानी व सतर्कता ही साइबर ठगी से बचने का बेहतर उपाय है। यदि कोई व्यक्ति आपको कम समय में ज्यादा मुनाफा कमाने का झांसा दे तो ऐसे लोगों से सावधान रहे क्योंकि पैसे कमाने का शॉर्टकट तरीका नहीं है इसलिए विद्यार्थियों को अपने जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर कड़ी मेहनत करनी चाहिए।

### रूपावास स्कूल मेरिट में खंड में अव्वल

**चोपटा।** पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रूपावास के विद्यार्थियों ने हरियाणा शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित कक्षा 10 वीं के वार्षिक परीक्षा परिणाम में हर साल की भांति इस बार भी शानदार प्रदर्शन किया है। 30 मेरिट के साथ यह स्कूल खंड के सरकारी स्कूलों में अव्वल रहा है। सत्र 2024-25 में विद्यालय का कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम 30 मेरिट के साथ 96 प्रतिशत रहा है, जिसमें 11 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये है और 69 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं। कक्षा 10वीं में आस्था 93.2 प्रतिशत अंक लेकर विद्यालय में प्रथम स्थान पर रही है, आईना ने 91.8 प्रतिशत अंक लेकर विद्यालय में द्वितीय और भूमिका 91.2 प्रतिशत अंक लेकर विद्यालय में तृतीय स्थान पर रही हैं। इसके अलावा 2 विद्यार्थियों ने कम्प्यूटर साइंस विषय में शत-प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। इस शानदार परीक्षा परिणाम के लिए विद्यालय के प्राचार्य कमलजीत सिंह ने सभी विद्यार्थियों, उनके परिजनों व सभी स्टाफ सदस्यों को बधाई दी और विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



## मैरिट हासिल करने वाली छात्राओं का फूलमालाओं से स्वागत, गाजे-बाजे के साथ निकाली रैली

**फतेहाबाद।** कक्षा बारहवीं तथा दसवीं का बोर्ड परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत आने, बारहवीं कक्षा में कुल 38 छात्राओं में से 29 मैरिट तथा दसवीं में 16 मैरिट आने पर राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, मोहम्मदपुर रोही में उत्साह दिवस मनाया गया। कक्षा बारहवीं में मैरिट प्राप्त करने वाली छात्राओं को पहले पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया, फिर फूलमालाओं से उनका स्वागत किया गया। बाद में वाहनों में बिठाकर गाजे-बाजे के साथ रैली निकाली गई। इनके पीछे-पीछे करीब साढ़े 3 सौ छात्राएं नारे लगाते हुए जोश के साथ चल रही थी। इन बच्चों का हौंसला बढ़ाने के लिए विद्यालय के प्राचार्य भगवान दत्त, क्लस्टर हैड व प्राचार्य अशोक गर्ग, वरिष्ठ प्राध्यापिका आशा रानी, डीपीई अशोक कुमार, सरपंच रामेश्वर दास, एसएमसी प्रधान कालूराम, मुकेश गोदारा, राजरानी, डॉ. संदीप कुमार के अलावा विद्यालय के समस्त स्टाफ सदस्य व ग्रामवासी भी साथ-साथ चल रहे थे। बच्चों में उत्साह देखने वाला था। करीब तीन घंटे गांव की गली-गली में घूमकर बच्चों ने यह संदेश दिया कि राजकीय विद्यालयों में बच्चों का भविष्य उज्ज्वल है।रैली निकालने से पूर्व प्रार्थना सभा में प्राचार्य भगवान दत्त ने कहा कि अगर कामयाब होना है तो कोर्स की किताबों के साथ-साथ देश-दुनिया, समाज, पर्यावरण, भूगोल, कला-संस्कृति, साहित्य विरासत की जानकारी भी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कुछ भी बनो किन्तु बेहतर इंसान अवश्य बनो, क्योंकि स्वार्थी लोग समाज का भला नहीं कर सकते। इस मौके पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय एमपी रोही के प्राचार्य अशोक गर्ग ने भी बच्चों को संबोधित किया।

## खबर संक्षेप

### स्कूल से मोटर चोरी आरोपी की हुई पहचान

**टोहाना।** दुर्गा महिला स्कूल में घुसकर एक युवक पानी की मोटर चोरी कर ले गया। चोरी की यह वारदात वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसके आधार पर युवक की पहचान कर पुलिस ने केस दर्ज किया और उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में आजाद नगर टोहाना निवासी धर्मपाल नैन ने कहा है कि वह दुर्गा महिला सीनियर सैकेण्डरी स्कूल, रतिया रोड, टोहाना में प्रिंसीपल है। स्कूल की चारदिवारी में मेन गेट के पास एक पानी की मोटर लगी हुई थी। कई दिन से पानी की जरूरत न होने पर हमने पानी नहीं चलाया था। आज तब पानी के लिए मोटर के पस जाकर देखा तो मोटर नहीं मिली। इस पर उन्होंने वहां लगे सीसीटीवी कैमरे को चैक किया तो पाया कि एक युवक पानी की मोटर चोरी करके ले जा रहा है।

### टाटा एस ने बाइक सवार को टक्कर मारी, केस

**टोहाना।** शहर में एक टाटा ऐस गाड़ी की टक्कर से बाईक सवार मजदूर घायल हो गया। उसे उपचार के लिए अग्रोहा मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया गया है। इस मामले में शहर टोहाना पुलिस ने केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में इन्द्रा कालोनी टोहाना निवासी वजीर सिंह ने कहा है कि वह मजदूरी का काम करता है। गत दिवस वह मोटरसाइकिल पर सवार होकर मजदूरी के लिए जा रहा था। जैसे ही वह सिम्बल रोड पर आईटीआई के पास पहुंचा तो सामने से आ रही टाटा ऐस गाड़ी के चालक ने गाड़ी को लापरवाही व तेजगति से चलाया और उसके मोटरसाइकिल में टक्कर दे मारी, जिससे वह घायल हो गया। बाद में घायल वजीर सिंह को उपचार के लिए टोहाना के सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया गया जहां से उसे रेफर कर दिया गया।

### शिक्षक से साइबर ठगी खाते से दस हजार साफ

**फतेहाबाद।** गांव मताना में कार्यरत सरकारी अध्यापक साइबर ठगों का शिकार बन गया। ट्रेडिंग कर कमीशन कमाने के लालच में ठगों ने उससे 10 हजार रुपये हड़प लिए। अब इस मामले में साइबर थाना फतेहाबाद पुलिस ने धोखाधड़ी बारे केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में सुभाष नगर, खेमाखती रोड निवासी राजीव कुमार ने कहा है कि वह राजकीय प्राथमिक पाठशाला, मताना में अध्यापक के पद पर कार्यरत है। कुछ समय पूर्व उसके मोबाइल पर व्हाटसएप कॉल आई। फोन करने वाले ने कहा कि अगर वह ट्रेडिंग करने का इच्छुक है तो उनसे सम्पर्क कर ट्रेडिंग कर सकता है। उसको उसकी जमा की हुई राशि का अच्छा कमीशन मिल जाएगा। कमीशन कमाने के लिए उसने ट्रेडिंग के लिए हां कर दी।

### अवैध हथियार सहित युवक गिरफ्तार, केस

**फतेहाबाद।** एसपी सिद्धांत जैन द्वारा नाजायज हथियार रखने वालों की धरपकड़ को लेकर दिए गए निर्देशों पर कार्रवाई करते हुए टोहाना पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक की पहचान सोनू पुत्र सुरेश कुमार निवासी समैण के रूप में हुई है। थाना सदर टोहाना प्रभारी एसआई शादीराम ने बताया कि इस बारे पुलिस की टीम एएसआई महेन्द्र सिंह के नेतृत्व में अपराधियों की धरपकड़ को लेकर गश्त पर थी। टीम जब गांव समैण पहुंची तो गुप्त सूचना के आधार पर एक युवक को काबू किया।

### टोहाना में चौक का नाम अरूट महाराज के नाम पर करने की मांग

**टोहाना।** शहर के रतिया रोड स्थित मारुति एजेंसी के सामने चौक का नाम अरूट महाराज के नाम से करने की मांग को लेकर राज्यसभा सांसद सुभाष बराला से मुलाकात की। इस दौरान बराला ने तुरंत कार्रवाई करते हुए एक्सइन लोक निर्माण विभाग के नाम भेज दिया ताकि आगामी कार्रवाई की जा सके। बराला के नाम दिए ज्ञापन में अरोडा खत्री पंजाबी पंचायत की बैठक में 30 मई को महाराजा अरूट जी की जयंती मनाने का निर्णय लिया है। इस अवसर पर भाजपा नेता मौजूद रहे।

## पारा चढ़ते ही अघोषित बिजली कटों से हाहाकार

# पेयजल सप्लाई भी हुई बाधित लोगों में निगम के खिलाफ रोष

**लोग काठ मंडी शिकायत केंद्र पहुंचे, लेकिन मौके पर कोई नहीं मिला**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा


गर्मी के तेवर दिखाते ही बिजली निगम ने अघोषित कट लगाने शुरू कर दिए हैं। अघोषित कटों से लोगों के दिन का चैन और रातों की नींद उड़ रही है। पेयजल की समस्या भी बढ़ गई है, जिससे लोगों में निगम के खिलाफ भारी रोष है। रविवार रात्रि को बिजली कट से परेशान होकर स्थानीय लोगों ने काठ मंडी शिकायत केंद्र पहुंचे लेकिन मौके पर कोई नहीं मिला। शहर की अग्रसेन कालोनी, अग्रवाल कालोनी, प्रीतसागर कालोनी, बेगू रोड, नोहरिया बाजार, नंदन वाटिका, भारत नगर, परमार्थ कालोनी सहित शहर के विभिन्न एरिया में जब-तब बिजली कट लगा दिए गए, जिसके कारण लोग रात्रि में सो भी नहीं पाए। उपभोक्ताओं द्वारा बिजली सुविधा केंद्र के नंबर डॉयल करने पर कोई जवाब नहीं मिला। कोई फोन तक नहीं उठाता। न उपभोक्ता की शिकायत दर्ज की जाती है और न ही यह बताने की कोई जहमत उठाता है कि कट कितनी देर का है। बिजली कब तक आएगी। बिजली कट के बारे में निगम कर्मियों को पता भी है या नहीं? बिजली सुविधा केंद्र पर शिकायत दर्ज ही नहीं होती, जिसके कारण उपभोक्ताओं में सरकार के प्रति रोष पनपता है।



बिजली शिकायत केंद्र में रात को पहुंचे लोग।

### पेयजल आपूर्ति पर बुरा प्रभाव

बिजली के अघोषित कटों से लोगों को दोहरी मार पड़ रही है। एक तो गर्मी में बिजली न होने से परेशानी, दूसरा बिजली जाने से पेयजल की किल्लत आ रही है। बिजली जाने से समय पर ट्यूबवेल नहीं चलते। जब ट्यूबवेल चलते है, तब घरों की बिजली गुल होने से मोटरें नहीं चलती। आधा दर्जन से अधिक कालोनियों में पीने के पानी का संकट बना हुआ है, जहां टैंकरों पर लोग आश्रित है।



रतिया। अस्पताल के शुभारंभ पर अतिथियों का स्वागत करते अग्रवाल सभा के पदाधिकारी।

## रतिया में अग्रवाल सभा द्वारा संचालित महाराजा अग्रसेन अस्पताल का हुआ शुभारंभ

**रतिया।** अग्रवाल सभा रतिया द्वारा मिगलानी हॉस्पिटल वाली बिल्डिंग में संचालित महाराजा अग्रसेन हॉस्पिटल का शुभारंभ सोमवार को हवन यज्ञ के बाद रियल एस्टेट के कारोबारी प्रवीण गर्ग ने रिबन काटकर किया। अग्रवाल सभा के अध्यक्ष प्रमोद बंसल ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया और कहा कि उनकी सोच है कि सभा द्वारा रतिया क्षेत्र में अनेक तरह के समाज सेवा के कार्य किया जाए और इसी सोच के तहत रतिया में यह आधुनिक सुविधाओं वाला चैरिटेबल अस्पताल महाराजा अग्रसेन हॉस्पिटल के नाम से खोला गया है। समाजसेवी प्रवीण गर्ग ने कहा कि प्रत्येक क्षेत्र में एमडी मेडिसिन व अन्य आधुनिक सुविधाओं वाले इस अस्पताल में क्षेत्र के मरीजों को सस्ते दामों पर बढ़िया इलाज मिलेगा। इस अस्पताल को चलाने के लिए शहर के अनेक लोगों को ट्रस्टी बनाया जाएगा जो कि इस अस्पताल को चलाने के लिए प्रतिमाह एक निश्चित राशि हॉस्पिटल को देंगे। पूर्व विधायक लक्ष्मण नपा ने कहा कि इस अस्पताल के खुल जाने से रतिया क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य सुविधाओं के क्षेत्र में काफी फायदा मिलेगा। महाराजा अग्रसेन अस्पताल के नवनियुक्त डॉक्टर कुणाल नारंग एमडी मेडिसिन ने कहा कि वह चिकित्सा क्षेत्र में समाज सेवा का कार्य करना चाहते हैं इसलिए उन्होंने रतिया की चैरिटेबल हॉस्पिटल में अपनी सेवाएं शुरू की है। उन्होंने विश्वास दिलाते हुए कहा कि वह दिन रात 24 घंटे मरीजों की सेवा के लिए हाजिर रहेंगे उनकी तरफ से मरीजों को बेहतरीन सुविधाएं इलाज दिया जाएगा। इस अवसर पर अग्रवाल सभा, नीलकंठ महादेव कावड़ संघ व अन्य सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं ने मुख्य अतिथि प्रवीण गर्ग व अग्रवाल सभा को स्मृति चिन्ह देखकर सम्मानित किया।

# सीडीएलयू के एमपी हॉल का नाम होगा 'सतगुरु राम सिंह सभागार'

**विवि के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने दी जानकारी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा ने भारत के स्वतंत्रता आंदोलन, सामाजिक जागरूकता और स्वदेशी के प्रेरणास्रोत सतगुरु राम सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए विश्वविद्यालय के मल्टीपर्पज़ हॉल का नाम 'सतगुरु राम सिंह सभागार' रखने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है। यह निर्णय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई द्वारा लिया गया।

इस बारे में जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के कार्यकारी अभियंता राकेश गोदारा ने बताया कि विश्वविद्यालय में विभिन्न भवनों के नामकरण की प्रक्रिया के तहत यह निर्णय लिया गया है। इससे पहले टीचिंग ब्लॉक-5 का नाम माता अहिल्याबाई होल्कर भवन रखा गया है। अब विश्वविद्यालय परिसर में 'सतगुरु राम सिंह सभागार' के रूप में एक और प्रेरक स्थल जुडऩे जा रहा है।

### महान संत व समाज-सुधारक

कुलपति प्रोफेसर नरसी राम बिश्नोई ने कहा कि सतगुरु राम सिंह जी 19वीं सदी के महान संत, समाज-सुधारक और स्वतंत्रता संग्राम के अग्रदूत थे। उन्होंने नामधारी आंदोलन की शुरुआत की और स्वदेशी, बहिष्कार आंदोलन, नारी सशक्तिकरण, बाल विवाह विरोध, नशामुक्ति और जातिवाद उन्मूलन जैसे अनेक सामाजिक सुधारों का नेतृत्व किया। उनके अनुयायी उन्हें भारत की आज़ादी की पहली संगठित क्रांति का जनक मानते हैं।

कुलपति प्रोफेसर बिश्नोई ने बताया कि बसंत पंचमी के पावन दिन 3 फरवरी ,1816 ईस्वी में, पंजाब के लुधियाना ज़िले के राइयां भैणी गांव में एक साधारण कृषक परिवार में जन्मे सतगुरु राम सिंह जी ने भारत को ब्रिटिश उपनिवेशवाद से मुक्त कराने के लिए स्वतंत्रता संग्राम का नेतृत्व किया। उन्होंने गुलामी की जंजीरों को तोडऩे के लिए पंजाब की धरती से रूस तक एक क्रांतिकारी विचारधारा का प्रसार किया।

# बीटेक स्टूडेंट हुआ फ्रॉड का शिकार, पिता का जानकार बनकर 10 हजार ठगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

साइबर ठगों ने फतेहाबाद में एक बीटैक स्टूडेंट को अपने जाल में फंसाते हुए उससे 10 हजार रुपये हड़प लिए। ठगों ने छात्र को उसके पिता का जानकार बनकर फोन किया और 10 हजार रुपये ट्रांसफर करवा लिए। इस मामले में भट्टूकलां पुलिस ने केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में गांव ठुईयां निवासी शिव कुमार ने कहा है कि वह बी.टैक तृतीय वर्ष का छात्र है। गत दिवस उसके पास एक फोन कॉल आई। फोन करने वाले ने कहा कि वह उसका शर्मा अंकल बोल रहा है जोकि उसके पापा का जानकार है। वह उसके फोन नंबर पर पैसे भेज रहा है। वह इन पैसों को आगे उसके जानकार को भेज दें क्योंकि उसकी यूपीआई आईडी नहीं चल रही है। शिव कुमार ने बताया कि इसके बाद उसने पैसे भेजने से मना कर दिया। इसके बाद उसके फोन पर दो मैसेज आए जिसमें 15-15 हजार रुपये यानि कुल 30 हजार रुपये क्रेडिट होने का मैसेज था। इसके बाद अज्ञात व्यक्ति का फोन आया तो उसने कहा कि वह आगे यह पैसे नहीं भेज सकता। इस पर फोन करने वाले ने कहा कि वह उसे यह पैसे वापस भेज दे। शिव कुमार ने बताया कि इसके बाद उसने अपने एसबीआई बैंक अकाउंट से 10 हजार रुपये भेज दिए। इसके बाद उसे 5 हजार रुपये ओर भेजने को कहा तो उसके खाते में पैसे न होने की वजह से पैसे ट्रांसफर नहीं हो सके। इसके बाद जब उसने अपने बैंक अकाउंट को चैक किया तो पाया कि उक्त व्यक्ति ने उसके पास कोई पैसे नहीं भेजे हुए थे। इस पर उसे अपने साथ हुए फ्रॉड का पता चला और उसने इस बारे 1930 पर कॉल कर शिकायत दर्ज करवाई।

# सांसद से मिले खिलाड़ी और कोच, रखी अपनी मांगें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| टोहाना

मानव स्पोर्ट्स फाउंडेशन टोहाना के खिलाडिय़ों एवं कोच आज राज्यसभा सांसद सुभाष बराला से मिले और अपनी मांगों को रखा। इस पर सांसद ने यथासंभव शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। आज सांसद ने अपने निवास पर लोगों से संवाद करते हुए उनकी समस्याओं को भी सुना। उन्होंने नागरिकों की शिकायतों, जैसे पेयजल, बिजली, सडक़, राशन कार्ड, और पेंशन से संबंधित मुद्दों पर गंभीरता से विचार किया। उन्होंने स्थानीय प्रशासन के अधिकारियों को मौके पर ही समाधान के निर्देश दिए। गणमान्य नागरिकों और सामाजिक कार्यकर्ताओं से भी मुलाकात हुई, जिनके साथ क्षेत्र के विकास पर सार्थक चर्चा हुई। चर्चा में शिक्षा, स्वास्थ्य, बुनियादी ढांचा, और रोजगार सृजन जैसे विषयों पर विचार-विमर्श किया गया।राज्यसभा सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार निरंतर जनकल्याण एवं विकास की दिशा में कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि आज देश और प्रदेश में आधारभूत ढांचे का तीव्र गति से विकास हो रहा है। स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार, जल आपूर्ति में सुधार, सडक़ संपर्क में मजबूती, गरीबों को आवास उपलब्ध करवाना, युवाओं के लिए कौशल विकास और डिजिटल सेवाओं का सशक्तिकरण जैसे अनेक कार्य प्रभावशाली ढंग से किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह सब केंद्र व राज्य सरकार की जनहितकारी नीतियों और योजनाओं का परिणाम है, जिसका सीधा लाभ जनता तक पहुँच रहा है। उन्होंने इस तरह के जन-सुनवाई कार्यक्रमों को नियमित रूप से आयोजित करने और क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर प्रयास करने की प्रतिबद्धता दोहराई। क्षेत्रवासियों से सुझाव और सहयोग से ग्रामोदय से भारत उदय' का सपना साकार किया जा रहा है। इस मौके पर रमन मडिय़ा, रविंद्र मेहता, जॉनी मेहता, जीवन बंसल, स्वीटी मेहता, संजय सपड़ा, अनिता मेहता, सन्नी मेहता, लवली, अमित भाटिया सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।



टोहाना। खिलाडिय़ों से मिलते सांसद सुभाष बराला।

# कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय का शानदार रहा परीक्षा परिणाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा जारी 10वीं कक्षा के परिणाम में राजकीय कस्तूरबा गांधी बालिका वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुम्हारिया का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है। विद्यालय के राजनीति विज्ञान के प्रवक्ता मदन गोपाल आर्य ने बताया कि विद्यालय की 27 छात्राओं ने यह परीक्षा दी तथा सभी छात्राओं ने अच्छे अंक प्राप्त परीक्षा उत्तीर्ण की है। विद्यालय की 18 छात्राओं ने बोर्ड मैरिट प्राप्त की है जिनमें कोमल, नैन्सी, ललिता व ज्योति ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए है तथा 14 छात्राओं 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए व 9 छात्राओं ने 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करके विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय की छात्रा कोमल बिश्नोई ने 470, नैन्सी कसाना ने 467 व ललिता शर्मा ने 454 अंक प्राप्त करके विद्यालय स्तर पर प्रथम ,द्वितिय व तृतीय स्थान प्राप्त किया है। जिला शिक्षा अधिकारी संगीता बिश्नोई, खंड शिक्षा अधिकारी विजय कुमार, प्राचार्य सुरेश कुमार शर्मा, सरपंच सुरेश डाबला व एसएमसी की प्रधान सुनीता शर्मा ने इस शानदार परीक्षा परिणाम के लिए सभी प्राध्यापकों, अध्यापकों व विद्यार्थियों को बधाई दी है।

# बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धौलपालिया में महिला एवं बाल विकास विभाग के सहयोग से बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रियंका आर्या रहीं। उन्होंने इस अभियान के उद्देश्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला और बताया कि इसके द्वारा भ्रूण हत्या, बाल विवाह, बालिका अधिकार जैसे विषयों को मोबाइल वैन के द्वारा ऑडियो वीडियो रूप में दिखाया जा रहा है। इस पहल के सकारात्मक परिणाम चयनित गांवों में सामने आए हैं। उन्होंने समाज को बेटियों के महत्व को समझने और उन्हें समान अवसर देने का आह्वान किया। विद्यालय की विज्ञान विषय की अध्यापिकाएं मंजू एवं अनीता ने बालिकाओं की शिक्षा की अनिवार्यता पर विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि शिक्षित बालिकाएं न केवल अपने परिवार, बल्कि समाज के विकास की दिशा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। ऑपरेशन सिंदूर में बेटियों की भूमिका सारा संसार देख चुका है।




### 672 लोग वोट के अधिकार से वंचित

**जाखल।** जिले के जाखल की नई बस्ती के लोगों ने साईं मंदिर के पास बैठक की। बस्ती के 672 मतदाता न तो ग्राम पंचायत में शामिल हैं और न ही नगरपालिका में। यह बस्ती पहले ग्राम पंचायत के अधीन थी। करीब 7 साल पहले जाखल नगरपालिका के गठन के बाद इसे नगरपालिका में शामिल किया गया, लेकिन पिछले नगरपालिका चुनाव में इस क्षेत्र को नगरपालिका से भी बाहर कर दिया गया। यहां के लोग मतदान के अधिकार से वंचित हो गए। बस्तीवासियों ने सोमवार को राज्यसभा सांसद सुभाष बराला से मुलाकात की। उन्होंने बस्ती को जाखल गांव की ग्राम पंचायत में शामिल करने की मांग का ज्ञापन सौंपा।

# एसवीएम स्कूल का शत प्रतिशत रहा परीक्षा परिणाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित कक्षा दसवीं के परीक्षा परिणाम में गत-वर्षों की भांति एसवीएम हाई स्कूल का शानदार 5 बोर्ड मैरिट के साथ शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम रहा।



फतेहाबाद। एसवीएम स्कूल में अव्वल रही छात्राएं।

### अंशु रानी प्रथम

अंशु रानी सुपुत्री विनोद ने 462 अंकों 92.4 प्रतिशत के साथ प्रथम रही और डॉली सुपुत्री सतपाल ने 91.4 प्रतिशत यानि 457 अंको के साथ दूसरे स्थान पर तथा इन्दु रानी सुपुत्री नरेश कुमार 90.8 प्रतिशत 454 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रही।

विद्यालय की चेयरपर्सन शीलू निर्मोही व मैनेजिंग डॉयरैक्टर विजय निर्मोही ने इस शानदार परीक्षा परिणाम पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी बच्चों उनके अभिभावकों व अध्यापकों को बधाई दी। इस मौके पर शिक्षक मौजूद रहे।

## 'सम्मान उसका अधिकार' विषय पर छात्राओं की करवाई विभिन्न प्रतियोगिताएं

**फतेहाबाद।** जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण द्वारा जिला के विभिन्न स्कूलों में 'सम्मान उसका अधिकार' शीर्षक से जागरूकता अभियान का आयोजन किया। यह कार्यक्रम जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के अध्यक्ष दीपक अग्रवाल के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य महिलाओं के सम्मान को प्रभावित करने वाले कानूनी अधिकारों और उपलब्ध विविध उपायों की जानकारी देना था।जिला के विभिन्न विद्यालयों में तैनात लीगल लिटरेसी क्लब के इंचार्जों ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 296 और धारा 79 की जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं को बताया कि यह अपराध महिलाओं की गरिमा और उनके सम्मान को ठेस पहुंचाते हैं और कानून इस पर सख्त सजा का प्रावधान करता है। कानून हर महिला को सम्मान और शिक्षा का अधिकार देता है जिसे जानना और प्रयोग में लाना बहुत जरूरी है। लीगल लिटरेसी इंचार्ज ने छात्रों को निर्भीक होकर आवाज उठाने और उपलब्ध कानूनी सहायता प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि ऐसे अपराधों की सजा रिपोर्टिंग प्रक्रिया और कानूनी सहायता कैसे प्राप्त की जा सकती है। यह अभियान फतेहाबाद जिले में महिलाओं के लिए सुरक्षित जागरूक और आत्मविश्वास पूर्ण वातावरण सुनिश्चित करने की दिशा में एक सराहनीय पहल के रूप में देखा जा रहा है।

**नवप्रवेशी विद्यार्थियों को दी इग्नू की विविध शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी**

# इग्नू अध्ययन केंद्र में इंडक्शन मीट का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

राजकीय महिला महाविद्यालय सिरसा स्थित इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय के अध्ययन केंद्र मंन सत्र जनवरी 2025 में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों के लिए इंडक्शन मीट का आयोजन किया गया। इस इंडक्शन मीट में विद्यार्थियों को प्रवेश प्रक्रिया, असाइनमेंट व अन्य गतिविधियों संबंधी जानकारी प्रदान की गई। केंद्र समन्वयक डॉ. विक्रमजीत सिंह ने कार्यक्रम में विद्यार्थियों को केंद्र में चल रहे प्रोग्राम व विद्यार्थियों को दाखिले से संबंधित जानकारी दी। तदोपरांत इग्नू अध्ययन केंद्र 1085 के सहायक समन्वयक डॉ. सतपाल ने विद्यार्थियों को इग्नू द्वारा प्रदान की जाने वाली शैक्षणिक सुविधाओं, पाठ्यक्रम संरचना, अध्ययन प्रक्रिया और मूल्यांकन पद्धतियों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। साथ ही, अध्ययन केंद्र की भूमिका, शिक्षकों द्वारा सहायता और अन्य सेवाओं के महत्व पर प्रकाश डाला। हिंदी के एकेडमिक काउंसलर प्रो. कपिल सैनी ने इग्नू अध्ययन केंद्र बारे बताया कि केंद्र में हरियाणा, पंजाब, राजस्थान व दिल्ली इत्यादि राज्यों से भी विद्यार्थियों ने दाखिला लिया है। उन्होंने विद्यार्थियों को दूरस्थ शिक्षा का महत्व बताते हुए कहा कि इग्नू जैसी संस्था के साथ जुडक़र विद्यार्थी अपने शैक्षणिक और व्यवसायिक लक्ष्यों को प्राप्त कर सकते हैं। इतिहास के एकेडमिक काउंसलर डॉ. शत्रुजीत सिंह ने कहा कि इग्नू जैसे संस्थान छात्रों को उनकी व्यक्तिगत और व्यवसायिक क्षमताओं को विकसित करने का एक अद्वितीय अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को स्वतंत्र रूप से सीखने की प्रक्रिया पर जोर दिया।



विद्यार्थियों को इग्नू की विविध शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी देते हुए।